## खबर संक्षेप

### सांसद ने की शोकाकुल परिवारों से मुलाकात

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के घरों में पहुंचकर उनके परिवारजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद श्री साहू ने खुशाल अग्रवाल के निवास स्थान पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती तरूणा अग्रवाल को श्रद्धाजंलि अर्पीत की। वहीं स्वर्गीय कमलेश फूलचंद, स्वर्गीय श्रीमती प्रमिला चांडक को भी श्रद्धाजंलि अर्पीत करने के लिए उनके निवास स्थानों पर पहुंचे। इसी तरह वार्ड नंबर 25 में संजय लोखंडे के निवास स्थान पहुंचकर उनकी भांजी स्वर्गीय स्वाति खंडागड़े एवं वार्ड नंबर 33 वाछला चौधरी के बेटे स्वर्गीय रत्नाकर चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पीत की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, वैश्य महासभा के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, संजय अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष कुंदन मिगलानी, मोनी राय, विशवेन्द्र बैस सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आज

**छिन्दवाड़ा।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को जिले भर में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6 से 7:45 बजे तक जिला मुख्यालय पर ओलंपिक स्टेडियम में किया गया है। छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है। शासन द्वारा निर्धारित पल-प्रतिपल की समय सारिणी के अनुसार ही जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । सभी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी एवं अन्य सहभागीगण 21 जून को प्रातः 6 बजे से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होंगे । कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अतिथिगणों का आगमन प्रातः 6 से 6:30 बजे तक होगा। भोपाल से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6:30 से 6:40 बजे तक होगा एवं विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6:40 से 7:00 बजे तक होगा।

## आबकारी नहीं लगा पा रहा लगाम, बेखौफ चल रहे अहाते

# जिले की शराब दुकानों से रेट लिस्ट गायब, लुट रहे मदिरा के शौकीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाड़ा



शहर सहित जिले भर में इन दिनों अवैध अहाते चल रहे है। शराब की दुकानों से रेट लिस्ट गायब होने के कारण मदिरा के शौकीन मनमानी कीमत चुका रहे है और शराब खरीद रहे है। इस ओर आबकारी विभाग का कोई ध्यान नहीं है।

जिले में इन दिनों आबकारी विभाग शराब ठेकेदारों के आगे नतमस्तक सा नजर आ रहा है। आबकारी अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों को ताक पर रखकर शराब ठेकेदार मनमाने ढंग से शराब दुकानों को संचालित कर रहे है। शासकीय शराब दुकान के ठेके होने से लेकर दुकान संचालित करने तक का जिम्मा आबकारी विभाग के अधिकारियों के ऊपर होता है लेकिन इसके विपरीत जिले में संचालित होने वाली 117 शराब दुकानों से शराब लिस्ट नदारद है। जबकि आबकारी विभाग के अनुज्ञापत्र धारी प्रत्येक शराब दुकानों निर्धारित रेट से ज्यादा कीमतों में शराब बेच रहे हैं। लेकिन आबकारी विभाग में बैठे जिम्मेदार रोकथाम व कार्रवाई करने से कतराते हुए नजर आ सकते है। शराब दुकान संचालक विभागीय नियम-कायों को ताक पर रखकर मह मों में बेचकर जमकर मुनाफा कमाने में लगे हुए है।

खास बात यह है कि सुरा प्रेमी भी सब कुछ जानने के बावजूद भी अधिक कीमत पर शराब खरीदने पर देशी/विदेशी मदिरा दुकान मजबूर है। शहर में स्थित शराब दुकानों के हालात थोड़े ठीक ठाक ही है। लेकिन ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाली शासकीय शराब दुकानों में कीमत से ज्यादा वसूली की रही है।

जब शहरी क्षेत्रों को शराब दुकानों को जाकर देखा तब किसी भी शराब दुकान पर मूल्य सूची अंकित नहीं मिली और न ही मूल्य सूची का बोर्ड नजर आया इससे आप साफ अंदाजा लगा सकते है कि पियक्कड़ों की जेब पर किस तरह हिली की जा रही है।

शराब की दुकानों पर अब भी अवैध रूप से वसूली का खेल चल रहा है। चौकाने वाली बात यह है कि अवैध वसूली के चलते इन पर न तो कोई कार्रवाई हो रही है और ही इन्हें नियमानुसार शराब की दुकानों को संचालित करने के लिए पाबंद किया जा रहा है।

ऐसे में इन दुकानदारों के द्वारा मनमर्जी दानों में शराब बेची जा रही है। पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों की साफ तौर पर मिली भगत होने के कारण शिकायतों के बाद भी इनके खिलाफ दोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शवदाह

# वाहन की टक्कर से मादा तेंदुआ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



कल शाम भोपाल नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोही जलाशय के पास एक तेंदुआ का शव पडा होने की जानकारी वनविभाग को मिली। इस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश भोपाल से जारी निर्देशानुसार डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटनास्थल एवं उसके आसपास छानबीन की गई।

वन्यजीव चिकित्सकों डॉ. गोविंदा धुर्वे, डॉ. सोनिया परते तथा डॉ. नितेश सूर्यवंशी द्वारा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृत तेंदुआ मादा होना बताया गया तथा तेंदुआ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। इस पर विशेषज्ञ इस नतीजे पहुंचे कि रात्रि में हाईवे पर किसी वाहन ने तेंदुए को टक्कर मार दी जिसमें इसकी मौत हो गई। इसके पश्चात वन्यजीव तेंदुआ के शवदाह की प्रक्रिया पूरी की गई। तेंदुआ के शवदाह के अवसर पर वमंडलाधिकारी लक्ष्मीकांत वासनिक, उपवनमंडलाधिकारी अनादि बुधोलिया, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर, मांडवी उपसरपंच रवि महाले, एनटीसीए प्रतिनिधि अशि उरकुडे तथा वनपरिक्षेत्राधिकारी प्रभुराम मुछाला मौजूद रहे।

# शहर की प्रतिभाओं को मिला अवसरः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



शहर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरूरत है उन्हें अवसर प्रदान करने की। प्रतिभाओं को यदि अवसर मिले तो वे अपना हुनर दिखाकर एक मुकाम हासिल कर सकती हैं। फ्री डांस समर कैंप का आयोजन कर शहर में छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। यह बात सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में शुक्रवार को फ्री डांस समर कैंप के समापन अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कही।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि महापौर विक्रम अहके की पहल पर इस समर कैंप का आयोजन किया गया जो कि एक सराहनीय पहल है। मैं इसके लिए महापौर का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन में आगे यदि मेरी किसी भी प्रकार की जरूरत हो में हर दम सहयोग के लिए तैयार हूं। इस दौरान बच्चों एवं युवाओं द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। सांसद श्री साहू ने सभी बच्चों और युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रमाण पत्रों का वितरण किया।

विदित हो कि पाटनी पेट्रोल पंप के पास मोहबे आर्केड में महापौर विक्रम अहके के द्वारा ऑडिशन डांस एकेडमी के माध्यम से 19 मई से 7 जून तक बच्चों एवं युवाओं के लिए फ्री डांस समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रेर्नस अक्षय गूरूंग, लक्की माथुरिया, आदित्य टेकाम एवं प्रिया राकेशिया के द्वारा कैंप में आये बच्चों एवं युवाओं को बॉलीवुड, हिप-हॉप, सेमी क्लासिकल, ब्रेकिंग एवं कंटेंपरेरी डांस सिखाया गया। सांसद कार्यालय में आयोजित फ्री डांस समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर महापौर विक्रम अहके, सभापति जगेन्द्र अल्डक, चंद्रभान देवरे, माइकल पहाड़े, अभिभावकगण सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छिन्दवाड़ा जिला ए ग्रेड के साथ प्रदेश के टॉप 10 में पुनः शामिल

**छिन्दवाड़ा।** राज्य स्तर से शुक्रवार को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह मई 2025 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें छिंदवाड़ा जिला पुनः ए ग्रेड के साथ प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल हुआ है। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में की गई सतत मॉनीटरिंग और जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन के नवाचार के फलस्वरूप 82.08 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि फिर से हासिल की है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जा रही है। उनके द्वारा जिले में सीएम समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## पेंशनर्स समाज ने सांसद को सौंपा 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**छिन्दवाड़ाः-** जिले में पेंशनर्स समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा जिले के सांसद श्री विवेक बंटी साहू को उनके निवास स्थान पर अपनी लंबित 8 सूत्रीय मांगों के लिये ज्ञापन सौंपा गया। इन आठ सूत्रीय मांगों में कुछ मांगे राज्य शासन एवं केन्द्र शासन में विगत चार वर्षो से लंबित है इसमें मुख्य रूप से पूर्व की भांति रेल किराये में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनर्स को छूट देने हेतु निवेदन किया गया है तथा राज्य शासन के कर्मचारियों के सामान 2 प्रतिशत मंहगाई राहत बढ़ाने हेतु ज्ञापन दिया गया प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में सभी पेंशनरों को लाभ दिया जाये। धारा 49 (6) विलोपित की जाये ,सेवानिवृत्ति की आयु सभी कर्मचारियों की सामान की जाये। ज्ञापन के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष एस.डी.ए.तिवारी ,कार्यकारी अध्यक्ष डी.एस.परिहार ,उपाध्यक्ष डॉ.एम.के.मौर्य ,जिला सचिव छगन दवे ,मीडिया प्रभारी विजय पवार ,एस.ए.ब्राउन, श्री हेडाऊ ,अनिल सिंघई ,आर.एस.मिश्रा ,कामता प्रसाद अहिरवार ,रोशनलाल पाल , नरेन्द्र बुदांढे , विनय राय ,सतीश सुकारे ,किशारे कस्तूरे, संजू मोघे ,अनिल गिरपुंजे आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर जन अभियान परिषद ने किया आयोजन

**छिंदवाड़ा।** जन अभियान परिषद जिला छिंदवाड़ा द्वारा 19 जून 2025 को शासकीय पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा के सभागार में 'विश्व सिकल सेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ बाय के शर्मा जी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन कहा कि दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली सिकल सेल एनीमिया, हमारे यहां जनजातीय आबादी को विशेष रूप से प्रभावित करती है। इसके विरुद्ध दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने की दिशा में इस दिवस का मनाया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है। जन अभियान परिषद के सभी कार्यकर्ता इस जागरूकता वाले ईश्वरीय कार्य में अपनी पूरी ताकत से लोगों को जागरूक करेंगे।

### मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून को

**छिंदवाड़ा।** बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में 21 जून को समय 10 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर (**SLMT**), जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (**DLMT**), विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर (**ACLMT**) का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

**कार्यालय बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर**

विकासखण्ड चौरई जिला-छिन्दवाड़ा, पंजीयन क्रमांक- 475 दिनाँक 31.10.1966

कं/आमसभा/चौरई/2025 दिनांक 10/06/2025

**-:: विशेष साधारण आमसभा की सूचना :-**

बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. गोपलपुर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सुचित किया जाता है कि समिति की विशेष साधारण आगसभा दिनॉक 23/06/2025 दिन सोमवार को समय दोप.2.00 बजे समिति कार्यालय भवन गोपालपुर में आयोजित की गई है जिसमें आपकी उपस्थिति प्राथनीय है। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के स्थगित की जाकर पुनः इसी स्थान पर प्रारंभ की जावेगी, जिसमें कोरम की आवश्यकता नहीं होगी।

**विषय सूची निम्नानुसार है :**-1 संस्था की पंजीकृत उपविधि कंडिका (3) में संस्था के कार्यक्षेत्र के ग्राम में से (11) ग्राम बीझावाडा केदारपुर खुर्द केदारपुर कला सलखनी बिलन्दा पि. मानसिंह नारायणपुर आमाबोह गोपालपुर जमुनिया एवं हरणमटा पृथक कर नवीन प्रस्तावित बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बीझावाडा के गठन हेतु संशोधन बाबद विचार।

| क्रं. | वर्तमान शब्दावली | संशोधित शब्दावली | संशोधन का कारण |
|---|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित राजस्व गांव पंचायतो में सोसाइटी का संचालन कार्यक्षेत्र होगा। गोपालपुर केदारपुर कला केदारपुर खुर्द बीझावाडा सलखनी बिलन्दा आमाबोह नारायणपुर जमुनिया पि. मानसिंह हरणमटा | निम्नलिखित राजस्व गांव पंचायतो में सोसाइटी का संचलन कार्यक्षेत्र होगा। बीझावाडा केदारपुर खुर्द सलखनी बिलन्दा हरणमटा पि. मानसिंह | प्रस्तावित नवीन बहु.प्राथ. कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बीझावाडा का गठन प्रस्तावित होने के कारण |

2. संस्था के पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित योजना के अनुमोदन बावद विचार।

**श्री मोहम्मद आरिफ कुरैशी (प्रशासक)** **श्री विजय शर्मा (प्रबंधक)**

**कार्यालय बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गोपालपुर**

# जामसांवली मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने की मुख्यमंत्री से भेंट

## जुलाई माह में जामसांवली मंदिर आ सकते हैं मुख्यमंत्री मोहन यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

शुक्रवार को श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी के साथ सौसर क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात करते विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए जामसांवली हनुमान मंदिर के गर्भ गृह एवं गौसेवा प्रकल्प भूमिपूजन हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को आमंत्रित किया है। भेट दौरान मुख्यमंत्री श्री यादव के द्वारा भी जुलाई माह में चमत्कारी हनुमान मंदिर जाम सावली में आने का प्रॉमिस किया है।मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में मध्यप्रदेष पर्यटन विकास निगम भोपाल की टीम ने जामसांवली हनुमान मंदिर परिसर पहुचकर लगभग 35 करोड 9 लाख की लागत से नवनिर्मित निर्माण कार्यो का अवलोंकन किया। साथही 30 जुन तक सभी निर्माणाधीन कार्यो को पूरा करने के निर्देष दिये। मध्यप्रदेष पर्यटन विकास निगम भोपाल की टीम में अधीक्षण यंत्री राजीव श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री एमबीटी संजय भटनागर, असीस्टेंट इंजीनियर प्रियंका, सब इंजीनियर मनोज साहू ने निर्माण कार्य से संबंधित चर्चा करते हुये हनुमान लोक फेस-2 के प्रस्तावित कार्यो का विस्तृत प्रेजेंटेषन दिया।

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली में हनुमान लोक फेस-1 के मुख्य प्रवेष द्वार एवं प्लाजा, प्रवेष द्वार से मंदिर परिसर तक चिरंजीवी पथ, चिरंजीवी पथ में श्री हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की तीन मूर्तियां एवं जीवन चित्रण के कलाकृतियों की स्थापना, पथ के दोनो ओर पक्की दुकाने तथा फूड प्लाजा, टिकट कांउटर, जनसुविधा केन्द्र, परिसर के लैंडस्केपिंग एवं सौदर्यीकरण का निर्माण पूर्णताः की ओर है।मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि, श्रद्धालूओ के आस्था के केन्द्र में हनुमान लोक फेस-1 के कार्यो का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हस्तें किया जाना प्रस्तावित है।ज

# मजदूर कॉलोनी के क्वार्टर, मकानों की हालत जर्जर

**दमुआ।** वेकोलि द्वारा बनाई गई वर्षो पूर्व मजदूर कॉलोनी क्वाटर मकानों की हालत बिल्कुल जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। घर मकानों की स्थिति ठीक नहीं है मकान क्वाटरों में दरारे पड़ गई है और मकान घर टूट फूट गये है फिर भी लोग रह रहें है। वेकोलि द्वारा निर्मित मजदूर कॉलोनी क्वाटर घरो को कई वर्षो पूर्व बनाये गये थे। जबकि कन्हान ऐरिया क्षेत्र की सभी कोयला खदाने बंद हो गई है और बनाई गई मजदूर कॉलोनी की क्वाटरे कई खाली पड़ी है क्वाटर मकानों की हालत जर्जर खराब है फिर भी लोग अपना कब्जा कर रह रहें है। यह तक की कई लोगो ने तो दो-दो, तीन-तीन घर मकानों में अपना कब्जा कर लिया है और निवास कर रहें है। और कुछ मकान क्वाटर घर खाली पड़े हुये है। क्वाटर मकान घरो में लगा सीमेन्ट, लोगा, ऐंगल, दरवाजे, खिड़की सभी सड़ गल गये है। जर्जर मकान घर बहुत पुराने हो गये है। अब तो सामने भारी बारिश का मौसम है। ऐसे में मकान घरो का क्या होगा बरसात के समय पर जर्जरनुमा मकान घर कभी भी पानी के वजह से धर्रा शाहीं हो सकते है। इसलिए वेकोलि टाउनशिप मैनेजर प्रबंधक एवं जी.एम.पी.एम महोदय कन्हान क्षेत्र संबंधित अधिकारियों को चाहिए कि खाली पडे जर्जर घरो को शीघ्र डिसमेंटल किया जावे ताकि भविष्य मे कोई दुर्घटना ना घट सके और जनधन की हानि होने से बच से तथा आम जनता सुरक्षित रहे।

### योगाभ्यास आज

**दमुआ।** श्रीमती सी.के.सातनकर सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका स्टापगण, स्कूली छात्राऐं अधिकारी एवं कर्मचारीगण हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं मीडिल स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहेगें प्राणायाम, योगासन योगाभ्यास जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## ग्रीष्मकालीन ऑफर को मिले बेहतर रिस्पॉन्स को देखते हुए लिया निर्णय

# दस दिनों के लिए बढ़ी होम स्टे में मिल रही छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है कि छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे के प्रति पर्यटकों के उत्साह और ग्रीष्मकालीन ऑफर को मिले बेहतर रिस्पॉन्स को देखते हुए जिला प्रशासन व पर्यटन बोर्ड द्वारा इस ऑफर की अवधि और 10 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह ग्रीष्मकालीन ऑफर 20 मई से 20 जून 2025 तक छिंदवाड़ा व पांढुर्णा के पर्यटकों के लिए दिया गया था, जिसमें पर्यटकों ने एक माह तक बहुत कम दामों में पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे में रहकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद उठाया है। उनके उत्साह को देखते हुए ऑफर अवधि बढ़ाकर 30 जून 2025 तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर ग्रीष्मकालीन ऑफर पर्यटकों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। पर्यटक अब 30 जून 2025 तक इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान पर्यटकों को बहुत कम दामों में होम स्टे में रहने व स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाने का अवसर मिलेगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, धूसावानी, चिमटीपुर, काजरा, गुमतरा व देवगढ़ में बने सभी होम स्टे में पर्यटक इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

### जिले में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव 27 जून को

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आगामी 27 जून 2025 को जिले में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न विभागों और अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यक्रम फूड वेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट सेंटर, छिंदवाड़ा में प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी व प्रभारी अपर कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी को बनाया गया है। आयोजन स्थल पर साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, दीप प्रज्ज्वलन, अतिथि स्वागत, कन्या पूजन तथा लाइव प्रसारण सहित अनेक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों को दी गई है।



### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# कमाल का कैंप: खेल-खेल में सीखी गणित की बातें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले में 13 मई से 15 जून 2025 तक आयोजित हुए समर कैंप - "कमाल का कैंप 2025" ने शिक्षा को खेल और रचनात्मक गतिविधियों के ज़रिए बच्चों तक पहुँचाने का अनोखा प्रयास किया। आयोजित समर कैंप में बच्चों ने खेल-खेल में गणित को समझा और सीखा। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन केमार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा केन्द्र के सहयोग से जिला में स्वयंसेवकों के माध्यम से समर कैंप "कमाल का कैंप 2025" का आयोजन किया गया 1 कैंप का उद्देश्य बच्चों को गणितीय सोच, संख्या ज्ञान और बुनियादी अवधारणा सिखाना था — लेकिन पारंपरिक तरीकों से नहीं, बल्कि खेल-खेल में। यहाँ बच्चों ने समूह चर्चा, माइंड मैप, गणितीय पहेलियों, और इबारती प्रश्नों जैसे तरीकों से सीखा। साथ ही, चित्रांकन और कहानी प्रस्तुतियों जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने बच्चों के आत्मविश्वास और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर सप्ताह के अंत में शनिवार को विशेष सांस्कृतिक आयोजन हुए — जिनमें चित्रकला प्रदर्शनी और कहानी मंचन जैसी प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इन आयोजनों ने बच्चों को मंच पर बोलने, अपने विचार साझा करने और समूह में काम करने का अवसर दिया। बच्चों की आँखों में सीखने का उत्साह और चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलकता था। इसी में कैंप स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहे स्वयंसेवकों ने न सिर्फ बच्चों को गणित सिखाया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास से बोलना और विचार व्यक्त करना भी सिखाया।बच्चों के अभिभावकों के अनुसार ₹कमाल का कैंप बच्चों के लिए बहुत उपयोगी रहा।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों से की मुलाकात



**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार को सांसद कार्यालय में 3 मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों से मुलाकात करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद कार्यालय में कुंडा मंडल, छिन्दवाड़ा ग्रामीण मंडल एवं परासिया नगर मंडल के अध्यक्षों के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करने के लिए पहुंचे थे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों से सांसद श्री साहू ने मुलाकात करते हुए उन्हें मंडल की कार्यकारिणी में शामिल होने पर बधाई दी और अपने - अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए कहा। सभी पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू को आश्वासन दिया कि वे अपने पदों का गरीमापूर्ण निर्वाहन करते हुए अपने - अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहते हुए जनता की भलाई के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, बल्लू नागी, धर्म वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, दिनेशकांत मालवी सहित मंडलों के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उम्मीद स्व सहायता समूह ने स्वावलंबन की तरफ बढ़ाए कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

घोड़ावाड़ी खुर्द पंचायत की 15 कामकाजी महिलाओं ने स्व सहायता समूह बनाकर लोगों की सेवा करने के साथ खुद के स्वावलंबन की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं । चार-पांच वर्षों की कड़ी मेहनत और सरपंच सोहन सरयाम की प्रेरणा से उम्मीद स्व सहायता समूह अब अपने दो उत्पादों ₹आजीविका डिटर्जेंट₹ और ₹वर्मी कंपोस्ट₹ जैविक खाद से जनसेवा के साथ रोजगार के अवसर तलाश रहा है। ।समूह की अध्यक्ष उषा आम्रवंशी बताती है - अंजना नागवंशी , प्रभा स्वामी ,मीरा नागवंशी , और संजीता पन्द्राम जैसी सक्रिय सहयोगियों की वजह से समूह ने स्वावलंबन का जो सपना देखा था वह ₹ आजीविका मिशन₹ की मदद से अब सच होने जा रहा है ।समूह ने अभी अपने दो उत्पाद ₹आजीविका डिटर्जेंट₹ और ₹जैविक खाद₹ को ग्रामीण लोगो तक पहुँचाया है। उन्होंने बताया किसानों को खाद पसंद आ रही है । कपड़े धोने का डिटर्जेंट गृहिणियों के बीच जगह बना रहा है । इसमें भी खास बात यह है कि सहायता समूह के दोनों उत्पादों की कीमत बाजार में अन्य समकक्ष उत्पादों से कम रखी गई है। । समूह की अध्यक्ष उषा आम्रवंशी ने बताया कि अब हम अपने दोनों उत्पादों को व्यावसायिक स्तर पर बाजार में उतारने की मंशा रखते हैं और चाहते हैं कि सरकार हमारी इसमें मदद करें। ।

## सक्षम के स्थापना दिवस पर 51 रक्तवीरों ने किया रक्तदान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

20 जून के शुभ दिन सामाजिक संस्था सक्षम ने अपना स्थापना दिवस नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाकर मनाया।यह शिविर पहलगांव हमले में शहीद हुए मां भारती के लाल एवं भारतीय सेना के जवानों को समर्पित रहा जिसमें जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक एवं आधार फाउंडेशन के विशेष सहयोग से 51 रक्तवीरों ने रक्तदान कर सभी को नमन किया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नपानि महापौर विक्रम अहाके के साथ सभापति मनोज कुशवाह, इंजीनियर पराग जैन सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक - नपानि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने की, जिनका आधार की संचालिका सरिता पांडे एवं सक्षम के जिलाध्यक्ष महेश किन्थ ने शॉल, श्रीफल एवं तुलसी का पौधा भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कुशल मंच संचालिका श्रीमती वंशिका जैन द्वारा किया गया जिसकी सभी ने सराहना की।सभी रक्तवीरों का अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया एवं उनके द्वारा किए गए स्वैच्छिक रक्तदान की सराहना कर उनका आभार माना। आपको बता दें यह 51 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती सिकलसेल के रोगियों एवं नवजात शिशुओं के उपचार हेतु उपयोग में लाया जाएगा जिसकी महापौर विक्रम अहाके एवं कार्यक्रम अध्यक्ष समाज सेवी दीपक राज जैन ने सराहना की।

## एमएसडब्ल्यू के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए भावुक विदाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय सतना के नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के तहत एमएसडब्ल्यू (मास्टर ऑफ सोशल वर्क) के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया।उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित इस समारोह में विकासखंड समन्वयक एडवोकेट श्रीमती ललिता कुसरे ने छात्रों को 2 वर्ष की अपनी यादों के साथ उज्जवल भविष्य में समाज के लिए अग्रणी कार्य करने हेतु प्रेरित किया। परामर्शदाता मनीष तिवारी ने छात्रों के साथ किए गए फील्ड वर्क में खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया।आशु कवि मुकेश वर्मा ने 2 वर्ष की यादों को कविता रूप में संजोकर सभी परामर्शदाताओं के समक्ष रखा, जिसे सुनकर सभी की आंखें नम हो गईं। वरिष्ठ छात्रा श्रीमती पुष्पा तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया, जबकि विवेक सनोडिया ने संचालन किया।छात्रों ने अपने विकासखंड समन्वय और परामर्शदाताओं को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया। परामर्शदाताओं ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों को एक कलम देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक एडवोकेट श्रीमती ललिता कुसरे, परामर्शदाता संदीप शर्मा, मनीष तिवारी, अकिल अहमद, श्रीमती संगीता पांडे, गहर सिंह मेंहदोले और एमएसडब्ल्यू अंतिम वर्ष के छात्र उपस्थित रहे।

## निंबुलकर बने संगठन मंत्री

**पांढुर्ना।** संत गाडगे बाबा समिति महासंघ ने यहां के समाज सेवी सुधाकर निंबुलकर को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया है। संघ ने लिखा है कि संत गाडगेबाबा समिति महासंघ के लिए पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ कार्य किए जाने के कारण आपको यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## निशान लेकर दादाभक्तों का जत्था तिगांव से रवाना



**पांढुर्ना।** प्रतिवर्ष की भांति गत दिवस ग्राम तिगांव से दादाभक्तों का जत्था ग्राम तिगांव से निशान लेकर खंडवा रवाना हुआ। उल्लेखनीय है कि यह जत्था गुरूपूर्णिमा पर्व पर खंडवा में निशान अर्पित करेंगे। ज्ञात हो कि तिगांव से पंडित चैतन्य गोधे निशान लेकर दादाभक्तों के साथ हर वर्ष 300 किमी की पदयात्रा कर खंडवा जाते है। जत्थे में मौजूद सभी दादाभक्त नंगे पांव चलते हुए मुख से दादाजी का सुमिरन निरंतर करते रहते है।

## सेंट्रल कॉंसिल नीमा में डॉ. नीरज अरोरा मध्यप्रदेश से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**वारासिवनी।** विगत दिवस सेंट्रल कॉंसिल नीमा द्वारा नवीन कार्यकारिणी की सूची जारी की गई हैं। जिसमें डॉ. नीरज अरोरा को मध्यप्रदेश से कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ. अरोरा राज्य से सेंट्रल कॉंसिल में प्रतिनिधित्व करेंगे। इनकी नियुक्ति से जिले के सभी चिकित्सको में हर्ष की लहर व्याप्त है। प्रथम बार सेंट्रल कॉंसिल में जिले से राज्यका प्रतिनिधित्व किये जाने का अवसर प्रदान किया गया है। डॉ. अरोरा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत करने पर डॉ. वागीश राहंगडाले, डॉ. विशाल असाटी, डॉ. राजेश उपवंशी, डॉ. समीर सुनेरी, डॉ. श्याम रंगलानी, डॉ. दीपांक रामटेक्कर, डॉ. निलेश शिवहरे, डॉ. विकास नगपुरे, डॉ. अमित लोधी एवं डॉ. गौरव पुरी है।

### बदबू से परेशान हुए लोग; यहां शौचालय में भी नहीं है कोई सफाई

## गंदगी से तरबतर एसडीएम कार्यालय, पीक से रंगी दीवारें



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** लाँजी नगर के सबसे व्यस्त सरकारी कार्यालयों में शामिल एस डी एम कार्यालय बदहाली के दौर से गुजर रहा है। स्वच्छता का प्रत्येक नारा यहां तार-तार हो रहा है। स्वच्छता को लेकर न यहां के जिम्मेदारों को चिंता है और न ही यहां पहुँच रहे लोगों को।कुल मिलाकर हाल अंधेर नगरी चौपट राजा जैसा है। गुरुवार को यहां की पड़ताल की तो चारों ओर गंदगी ही नजर आई। दीवारों से लेकर कक्षों की खिड़कियां, दरवाजा पान, गुटखा के पीक से रंगे हैं। आम लोगों सहित कर्मचारियों की सुविधा के लिए बनाए गए शौचालय की हवा निकल गई है। शौचालय की नियमित सफाई नहीं होने के कारण भारी गंदगी है। हाल ऐसा है कि महीनों से यहां की सफाई ही नहीं हुई हो। अधिकारियों की उदासीनता साफ नजर आ रही है। फरियादियों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। एसडीएम परिसर में हर तरफ गंदगी का आलम है। बदबू से यहां काम करने वाले लोग व पक्षकार परेशान रहते हैं।शौचालय के अंदर व बाहर दीवार भी पान गुटखा के पीक से रंगे हैं। यहां एसडीएम तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आर.आई पटवारी सहित प्रमुख जिम्मेदार अधिकारी बैठते हैं। उनके ही कार्यालय में गंदगी की सफाई न हो पाना कहीं न कहीं प्रशासन की अनदेखी को दर्शाता है। एक तरह से मना जाए तो दीये तले अंधेरा वाली कहावत तहसील कार्यालय के एसडीएम व तहसील परिसर पर बिल्कुल सटीक बैठती है, क्योंकि प्रशासन लोगों को स्वच्छता पाठ पढ़ाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रहे हैं, जबकि एसडीएम दफ्तर व तहसील दफ्तर में शौचालयों के बदतर हालात के कारण न केवल लोग परेशानी के दौर से गुजरने को मजबूर हैं, बल्कि यहां बदबू के कारण लोगों का पास से गुजरना भी मुश्किल है.।ऐसे में एसडीएम दफ्तर व तहसील दफ्तर में कामकाज करवाने के लिए आने वाली पब्लिक बेहद परेशानी के दौर से गुजर रही है, लेकिन प्रशासन का इनकी समस्या प्रति कोई ध्यान नहीं।

### सड़क में गड्ढों को भरने व पानी निकासी की समस्या हुई दूर

## नप उपाध्यक्ष की तीसरे दिन भी जारी रही अनिश्चितकालीन हड़ताल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नगर परिषद लांजी में अनेक विकास कार्य अधूरे और कुछ कार्य का भूमिपूजन होने के बाद शुरू नहीं किए जा सके है। ऐसे में वार्डवासी परेशान हो रहे है, जिसकी शिकायत अनेक बार नगर परिषद में करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इधर, नप उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर ने कई बार नप के उपयंत्री को अवगत कराया। इसके अलावा पत्र लिखा गया, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। इससे नाराज उपाध्यक्ष 18 जून से नप परिसर में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए है। जिनकी 20 जून को तीसरे दिन हड़ताल जारी रही।नप उपाध्यक्ष के हड़ताल पर बैठे रहने से नगर परिषद ने बालाघाट सड़क मार्ग पर सुभाष चौक में गड्ढों को भरने का काम किया गया। साथ ही बालाघाट मार्ग पर दुबे कांप्लेक्स में भरन भरकर वर्षा होने पर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई है। बताया गया है कि तीसरे दिन तक कोई भी भाजपा का जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी हड़ताल पर बैठे उपाध्यक्ष से मिलने नहीं आया। उपाध्यक्ष संदीप कुमार रामटेक्कर ने बताया कि नप के वार्ड नंबर एक से वार्ड नंबर 15 तक अनेक विकास कार्य किया जाना है। इनमें से कुछ कार्य प्रारंभ नहीं हो पाए है और जिन कार्यों की समय अवधि पूर्ण होने के बाद अधूरे पड़े है, इन मुद्दों को लेकर अनेक बार लिखित व मौखिक तौर पर नप में अवगत कराया गया। इसके बाद भी अधिकारी कर्मचारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इतना ही नहीं नौ जून को पत्र लिखकर निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी चाही मांगी गई, लेकिन उपयंत्री अमित नगपुरे ने नहीं दिया। जल आवर्धन का कार्य ठेकेदार ने 2018 से प्रारंभ कर किया गया। जिसकी अवधि 18 माह की थी, जो समाप्त होने के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। माह जून 2025 की स्थिति में नगर की जनता को जल आवर्धन योजना में स्वच्छ पेय जल प्रदान नहीं कराया गया।

बताया गया कि सालेटेकरी रोड डिवाइडर कार्य की समय सीमा स्टीमेंट के अनुसार 30 मार्च को समाप्त हो गया है। सुभाष चौक से बालाघाट रोड और आमगांव रोड, माडल रोड, डिवाइडर कार्य किया जाना है। जिसकी लागत लगभग 1.88 करोड़ है। ये सभी अधूरे है। माडल रोड का स्टीमेंट बनाया गया है, पर विद्युत पोल की शिफ्टिंग का स्टीमेंट में नहीं जोड़ा गया। ठेकेदार ने समय सीमा 30 मई तक कार्य पूरा नहीं किया।

वार्ड नंबर 10 से 15 तक नाली बनाने विधायक राजकुमार कर्राहे व पूर्व विधायक रमेश भटेरे के हस्ते भूमिपूजन हुआ था।वार्ड नंबर तीन नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम विधायक राजकुमार कर्राहे, अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले समेत समस्त पार्षदों के हस्ते लगभग छह माह पूर्व किया गया। वार्ड नंबर आठ पेवर ब्लाक निर्माण कार्य, जिसमें लंजकाई मंदिर से किले तक पेवर ब्लाक लगने थे।

## विद्युत कार्यालय में लगा शिविर : प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शुक्रवार को मुख्यालय स्थित मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड यानी विद्युत कार्यालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया. दोपहर 3 बजे कार्यालय में वारासिवनी संभाग कार्यपालन अभियंता बी.एल.भैना की अध्यक्षता में शिविर का आयोजित हुआ. इस मौके पर सहायक अभियंता राजीव रंजन, कनिष्ट अभियंता उमरी सुभाष नाग, कनिष्ट अभियंता बोनकट्टा विनीत कुमार बिसेन, सोलर सर्विस प्रदाता सहित नगर के गणमान्य जन और बिजली उपभोक्ताओं सहित विद्युत विभाग के कर्मचारी गण मौजूद रहे. शिविर में कार्यपालन अभियंता बी.एल.भैना ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान करती है. इस योजना का उद्देश्य घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है. जिससे बिजली बिलों में बचत हो सके और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ ही पर्यावरण को भी लाभ मिले. उन्होंने बताया कि 01 किलो सोलर पैनल पर 30 हजार, 02 किलो में 60 हजार और 3 किलो से लेकर अधिकतम 10 किलो पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी योजना के तहत मिलेगी. योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाते है और सरकार द्वारा अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से सोलर पैनल लगाए जाते है. आज शिविर में ऑफलाइन भी पंजीयन की सुविधा रखी गई थी।

केन्द्र की इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन के मकसद से शिविर आयोजित किया गया. राजीव रंजन ने योजना की बारीकी को काफी विस्तार से बताया और उपभोक्ताओं के भ्रम को भी दूर किया. शिविर के जरिए उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने वाले कई उपभोक्ता यह सोचते है कि उन्हें बिजली बिल शून्य आए ऐसा बिलकुल भी नहीं है. यह योजना एक्सपोर्ट और इंपोर्ट पर आधारित है यानी बिजली विभाग उपभोक्ता के घर में लगे सोलर पैनल से उत्सर्जित होने वाली बिजली को ग्रिड के जरिए लेता है इसके बदले में उपभोक्ता से बिल की राशि नहीं ली जाती केवल नियत प्रभार ही लिया जाता है. अतिरिक्त बिजली ग्रिड में वापस भेजने पर क्रेडिट भी मिलता है. उन्होंने सोलर पैनल लगने के बाद होने वाले कुछ बदलाव की भी जानकारी साझा की और बताया कि पहले मार्च में हिसाब होता था लेकिन अब नवंबर माह में बिजली उत्सर्जन और खपत का हिसाब होता है. उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पाने के लिए बिजली उपभोक्ता और आवेदक का नाम एक समान होना चाहिए।

शिविर में सोलर पैनल सर्विस प्रदाता ने हाइब्रिड सोलर सिस्टम सहित अन्य सोलर सुविधाओं की जानकारी दी. शिविर में आए बिजली उपभोक्ताओं ने अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए कुछ सवाल भी पूछे जिनका सर्विस प्रदाता के कर्मचारी ने जवाब दिया. एक उपभोक्ता ने पूछा की आज बाजार में कई सारे सर्विस प्रदाता है उनकी कीमतों में काफी अंतर है. उपभोक्ता रूफटॉप सोलर का किस आधार पर चयन करें. कर्मचारी ने बताया कि आज बाजार में टियर-2, टियर-3 टाइप के प्रोडक्ट आते हैं. पैनल की कीमतों में 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक का अंतर आता है. इसलिए बेहतर सोलर पैनल को ही चुने. सोलर पैनल सर्विस प्रदाता ने बताया कि सरकार की योजना का लाभ अधिक से अधिक व्यक्ति उठाए इसके लिए सरकार ने इसमें बैंक से ऋण की सुविधा जोड़ रखी है. उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति इस योजना का लाभ लेना चाहता है और उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो उसे इस योजना का लाभ लेने के लिए ऋण दिया जाएगा फिर चाहे उस पर पहले ही अन्य किसी भी प्रकार का ऋण ही क्यों ना हो।

### भाजपा नेताओं ने गिनाई सरकार की उपलब्धियॉ

## भाजपा नगर मंडल ने किया 11 साल विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल वारासिवनी द्वारा केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य 11 साल बेमिसाल मंडल संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेताओं द्वारा भारत माता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान योजना के हितग्राहियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस मौके पर हितग्राहियों ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में कैसे योजनाओं ने उनके जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले घर से एक परिवार को पक्की छत नसीब हुई, जिससे उन्हें सुरक्षित आश्रय मिला, किसान सम्मान निधि ने किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई और कृषि कार्य में सहायता मिली। आयुष्मान योजना ने कई परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज में बड़ी राहत दी, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा मिली और बड़े चिकित्सा खर्चों का बोझ कम हुआ।

इस अवसर पर पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जिला संयोजक किशोर अमूले, शैलेन्द्र सेठी, संयोजक डॉ. नीरज अरोरा, नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, चिरौंजी पारधी आदि ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता हितग्राहियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्य और जनहितैषी योजनाओं की सराहना करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं व नीतियों से देश के साथ-साथ वारासिवनी क्षेत्र के लोगों के जीवन को किस प्रकार बेहतर बनाया है, उसकी जानकारी दी। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाये और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभाये।

## खबर संक्षेप



### एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गत दिवस रेडक्रास सोसाइटी कन्या महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले के मार्गदर्शन में तथा रेडक्रास सोसाइटी प्रभारी डॉ एसआर नवांगे द्वारा हरितयोग एवं स्वच्छतायोग, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौक पर महाविद्यालय की छात्राओं ने भी स्वच्छता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ ओमप्रकाश सरवैया, डॉ रुचिका यदु, श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम, सोहन अहिरवार सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बाघ ने किया युवक का शिकार

## ग्रामवासियों में दहशत

**इन दिना बाघ के हमले से लोगों की जान जा रही है। लगातार हो रहे बाघ के हमले से ग्रामवासियों में दहशत बनी हुई है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसी के चलते शुक्रवार को विकासखंड कुरई अंतर्गत गांव बमनथड़ी में दोपहर लगभग 3 बजे के दरमियान एक बाघ ने लगभग 17-18 वर्षीय युवक पर हमला बोला। जिससे युवक की मौत हो गई।

आसपास के गांव के लोग व परिजन लाठी लेकर जंगल में पहुंचे। साथ ही वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जहां सूचना मिलते ही कुरई पुलिस घटनास्थल पर पहुंचा।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत लगातार आयोजित हो रहे शिविरों जनजातीय हितग्राहियों मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। आयोजित शिविरों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का समग्र विकास करना है। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आजीविका और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शुक्रवार 20 जून को जिले के आठों विकासखंड की 22 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें लखनादौन विकासखंड की ग्राम पंचायत सोहागपुर,पण्डिरई रै., जोबा पतलोन, भरगा, डाला, चुलगांव मे शिविर आयोजित हुये। इसी तरह छपारा विकासखंड के बकोडा एवं लगवाह में, घंसौर विकासखंड के साल्हेपानी रै., सर्रा, अनकवाड़ा, दलकापांडिवाड़ा एवं गोकलथाना में, सिवनी विकासखण्ड के बीसावाड़ी एवं पौण्डी में, केवलारी विकासखंड के अलोनीखापा माल एवं बिछुआ रै. में, बरघाट विकासखण्ड के सरेखाकलॉ में, कुरई विकासखंड के लावासर्रा, दलाल एवं डूंडासिवनी में शिविर आयोजित हुए। आयोजित शिविर में जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की गई।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

### आज इन ग्रामों में आयोजित होंगे शिविर

छपारा विकासखंड के दरबई एवं केवलारी में, घंसौर विकासखंड के पौड़ी, चरगांव, पद्दीकोना में, सिवनी विकासखण्ड के भाटीवाड़ा, थांवरी एवं मोरडोंगरी में, केवलारी विकासखंड के सुकतरा एवं खरसारू में, बरघाट विकासखण्ड के पौनारकला में, कुरई विकासखंड के पिण्डरई बुट्टे एवं धनौली में शिविर आयोजित होंगे।

# अपहता के साथ जबरन शादी कर अवैध संबंध बनाने वाला आरोपी पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

घटना दिनांक 16/06/2025 को फरियादी अपहता की मां द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि इसकी नाबालिक लड़की उम्र 14 वर्ष जिला अस्पताल सिवनी से बिना बताये कहीं चले गई थी जिसकी तलास पतासाजी करने पर कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात व्यक्ति के विरूध्द धाना कोतवाली सिवनी में अप.क्र. 507/2025 धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया जाकर अपहता की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित कर दिनांक 19/06/2025 को अपहता को दस्तयाब किया गया जिसने पूछताछ पर ग्राम रुठियाटोला इंगरिया निवासी लोकेश डहेरिया द्वारा बहला-फुसलाकर जबरन अवैध संबंध बनाना एवं शादी करना चताने पर प्रकरण में सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया एवं आरोपी की तलाश की जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

# न्याय की तलाश में भटक रही महिलाः पति की मौत के बाद परेशान पत्नी और बच्चे, परिजन ही बने दुश्मन, प्रशासन भी नहीं कर रहा सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पति की मौत के बाद एक महिला अपने तीन मासूम बच्चों के साथ दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रही है। दरअसल पति की मौत के बाद उसके ससुराल वालों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है और महिला को लगातार धमका रहे हैं। इसके कारण महिला को शहर बदल कर रहना पड़ रहा है। महिला का कहना है कि इस मामले को लेकर उसने कान्हीवाड़ा पुलिस से भी फरियाद की लेकिन पुलिस भी उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। इसके बाद महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। मामला कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र का है। जहां के कटिया गांव में रहने वाले गुरुचरण ठाकुर की



मृत्यु 2019 में हो गई थी। गांव में गुरुचरण की कृषि भूमि है। गुरुचरण की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी प्रीति ठाकुर और उसके तीन बच्चों का भरण पोषण उसी जमीन से हो रहा था। पति की मृत्यु के बाद प्रीति ठाकुर का भाई उसके साथ रहता था लेकिन एक हत्या के मामले में वह जेल चला गया। इसके बाद महिला के जेठ सिम्मू ठाकुर, अशोक ठाकुर और अन्य पुरषोत्तम तिवारी सहित अन्य लोगों ने महिला को धमकाया और गांव छोड़ने को विवश कर दिया। इसके बाद महिला भोमा के विमला नगर में रह रही है। महिला का कहना है कि अशोक कुमार और पुरषोत्तम तिवारी ने उसके खेत पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उसके खेत में जुताई कर दी है। इसके साथ ही उसके खेत में बने बोर पर भी कब्जा कर लिया गया है। इसके साथ ही ये उसके वर्तमान निवास पर भी घूमते नजर आते हैं। ॥ जिससे अपनी और बच्चों की सुरक्षा को लेकर महिला चिंतित है। महिला का कहना है कि ऐसे हालातों में वह आत्महत्या को मजबूर है।

महिला का कहना है कि उसने इस मामले की शिकायत कान्हीवाड़ा थाने में भी की जिसके बाद भी कान्हीवाड़ा पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला अपने बच्चों के साथ एसपी ऑफिस पहुंची और एसपी से इस संबंध में शिकायत की। महिला का कहना है कि पुलिस अधीक्षक से उसे न्याय मिलने की उम्मीद है।

### इनका कहना है

महिला का आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले में कान्हीवाड़ा पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

**सुनील कुमार मेहता,**
**पुलिस अधीक्षक सिवनी**

### बरघाट जनपद की सहायक यंत्री का टीकमगढ़ हुआ स्थानांतरण, संजय जाटव बनाए गए बरघाट सहायक यंत्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कई विभागों में अधिकारी लंबे समय से जमे हुए थे. लेकिन इस बार स्थानांतरण नीति के तहत अपनी जड़े जमा हुए अधिकारियों को स्थानांतरण करने की कार्रवाई की गई है.जिस पर सिवनी जिले के बरघाट जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक यंत्री श्याम सुंदर परिहार जिनका मूल पद उप यंत्री है. जो लंबे समय से बरघाट में पदस्थ थे. जिन्हें बरघाट से कार्य मुक्त कर टीकमगढ़ कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग स्थानांतरण कर दिया गया है. वहीं अब बरघाट जनपद पंचायत के सहायक यंत्री संजय जाटव को बना दिया गया है।

# शहर में गुंडा गर्दी करने वाले युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी गुरूदत्त शर्मा एवं सीएसपी श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में गुंडागर्दी करने वाले एवं चाकूबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने तत्पर हैं।**

दिनांक 18/06/25 को रात लगभग 10/30 बजे मठ मंदिर प्रांगण पर सत्यम ठाकुर, शिवम ठाकुर, सदन कश्यप, योगेश उर्फ काली, विवेक बरमैया राहुल कश्यप, करन कश्यप, नयन बघेल, कपिल कश्यप एवं अंकुर कश्यप द्वारा पुराना विवाद के चलते चेतन दुर्गे एवं उसके भाई अमन दुर्गे एवं साथी मीत हिन्दुजा को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुए मां बहिन की गंदी गंदी गालियां देकर हाथ मुक्के डण्डे से मारपीट करने लगे तो आयुष सदाफल, विवेक बघेल, रौनक उइके, देवू सनकत एवं वासू सनकत बीच बचाव करने आये तो सत्यम ठाकुर ने अपने पास रखे चाकू से जान से मारने की नियत से विवेक बघेल को चाकू से मारा जिससे विवेक बघेल को गंभीर चोट आने पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 512/2025 धारा 296,115(2),118(1), 109(1),3(5) बीएनएस, 3(1) द,3 (1) ध,3 (2) (V) एससी एसटी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों की धरपकड़ हेतु टीम गठित की जाकर की गई सभी दसों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी मे 01 सदन कश्यप निवासी मठ मंदिर के पास सिवनी। 02 सत्यम ठाकुर निवासी मठ मंदिर के पास सिवनी। 03 योगेश उर्फ काली निवासी मठ मंदिर के पास सिवनी। 04 विवेक बरमैया निवासी आजाद वार्ड सिवनी। 05 राहुल कश्यप निवासी ढीमरी मोहल्ला चौक सिवनी। 06 करन कश्यप निवासी मठ मंदिर के पास सिवनी। 07 नयन बघेल निवासी मठ मंदिर के पास सिवनी। 08 कपिल कश्यप निवासी ढीमरी मोहल्ला चौक सिवनी। 09 अंकुर कश्यप निवासी मंगली पेठ सिवनी। 10.01 नाबालिक बालक उम्र करीबन 17 वर्ष।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली श्री किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत, नवीन तिवारी, प्रशांत राठौर, आर. अमित, अंकित, विक्रम, प्रतीक, सिध्दार्थ, आर, चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

### इधर, पुलिस ने 03 सटोरी एवं 06 जुआरी को पकड़ा

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है। कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों एवं सटोरियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दादू धर्मशाला मंगलीपेठ, सब्जी मंडी बुधवारी, कर्वे कालोनी भैरोगंज, भगतसिंह वार्ड सिवनी से के पास 04 सटोरियों एवं 06 जुआरियों को घर दबोचा।

### ट्रांसफार्मर से जमीन में फैला था करेंट, गाय आई चपेट में, हुई मौत

**सिवनी।** विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मेंटेनेंस कार्य ठीक तरीके से नहीं किया गया। जबकि मेंटेनेंस के नाम पर राशि का बंदरबाट किए जाने का आरोप, ग्रामवासियों ने लगाते हुए बताया कि इन्हीं सब लापरवाही के चलते शुक्रवार की सुबह विकासखंड घंसौर के गांव में बिजली के तार की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। जहां पशु पालक किसान को पशुधन की हानि हुई है वही ग्रामवासियों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सिवनी जिले के सुदूर आदिवासी विकासखंड घंसौर के ग्राम पंचायत बुधेरा के गांव निचली में बिजली विभाग की लापरवाही से सड़क किनारे असुरक्षित ट्रांसफार्मर से जमीन में करेंट फैल गया ओर एक गाय के संपर्क में आने से वह मर गई। वही जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि बिजली के संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यवाही की जावे ओर तत्काल सुधार कार्य किया जावे।

# अवैध रूप से ब्रांडेड कंपनी के नाम पर धान-बीज की पैकेजिंग करने वाले पर एफआईआर दर्ज



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के निर्देशानुसार विगत 19 जून को कृषि विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम सालीवाड़ा तहसील केवलारी जिला सिवनी में शर्मा राइस मिल सालीवाड़ा में ब्रांडेड बीज कंपनी के नाम से अवैध रूप से मिसब्रांडिंग कर धान की ग्रेडिंग एवं पैकिंग कर बीज के रूप में तैयार कर तथा अवैध तरीके से लाभ कमाने के उद्देश्य से भंडारित करते पाए जाने पर संबंधित राइस मिल के संचालक नीरज शर्मा निवासी नैनपुर के विरुद्ध थाना केवलारी में एफआईआर दर्ज किया गया। संबंधित द्वारा राइस मिल की आड़ में अवैध तरीके से बगैर किसी दस्तावेज के धान बीज की पैकिंग की जा रही थी। संबंधित के गोदाम में पाई गई खाली धान बीज की 2810 बोरियों को , बोरियों में लगने वाले टैग लगभग 2200 टैग को एवं पैक धान बीज की बोरियों को जप्त किया गया।

# सदगुरु कबीर सामु. सत्संग भवन में बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा के तत्वाधान में कबीर सैनिक सेवार्थी संघ छपारा, महिला मंडल छपारा/भीमगढ़ एवं समस्त अवधिया समाज की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम धर्म ध्वज का पूजन अर्चन एवं प्रणाम करते हुए सदगुरु कबीर साहेब के स्वरूप पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। स्मरण रहे कि दिनांक 8 जून 2025 को सत्संग भवन का लोकार्पण परम पूज्य कबीर दर्शनाचार्य श्री श्री 108 श्री राम जीवन शास्त्री साहेब जी सद्गुरु कबीरधाम आचार्य पीठ सागर म. प्र. के पावन सानिध्य में केवलारी विधानसभा के कर्मठ एवं लोकप्रिय विधायक माननीय ठाकुर रजनीश/हरवंश सिंह जी द्वारा छपारा नगर के जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया था। और दिनांक 8 जून से 10 जून 2025 तक सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन समिति द्वारा किया गया था। जिसमें नगर के एवं बाहर से आए हजारों श्रद्धालुओं ने लाभ लिया था।समिति ने सत्संग भवन के निर्माण एवं सत्संग कार्यक्रम में सहयोग करने वाले उन सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने दिल खोलकर धनराशि प्रदान की साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से निर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करने वालों का भी समिति ने आभार माना। इसके पश्चात बैठक में निर्णय लिया गया की प्रति गुरुवार को महिला मंडल द्वारा सत्संग भवन में सत्संग आयोजित किया जाएगा । हर पूर्णिमा को पूर्णिमा व्रत सामूहिक रूप से सत्संग भवन में मनाया जाएगा। माह के प्रत्येक गुरुवार एवं पूर्णिमा व्रत के दिन को छोड़कर जो भी समाज आध्यात्मिक आयोजन इस भवन में करना चाहते हैं वे सभी सादर आमंत्रित हैं। आरती एवं प्रसाद वितरण के पश्चात बैठक का समापन हुआ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम फुटबॉल स्टेडियम में होगा आयोजित

**सिवनी।** शनिवार 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होगा। राज्य शासन द्वारा जारी अतिथियों की सूची अनुसार सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रातः 06 बजे सभी सहभागीगण उपस्थित होंगे। प्रातः 06 से 06:30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आगमन एवं उद्बोधन का कार्यक्रम होगा। प्रातः 06:30 बजे से 06:40 तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भोपाल से प्रसारित लाईव उद्बोधन को देखा एवं सुना जायेगा।

# अंकित वर्मा और दीक्षा गजाम ने समर कैंप का सफल आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कुरई विकाशखंड में जनजातीय कार्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड कुरई के ग्राम एरमा और रमली में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसका सफलतापूर्वक समापन हुआ। समर कैंप के दौरान बच्चों ने कई रचनात्मक, शैक्षणिक और जीवन कौशल आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें बीज रोपण, पत्तों से आकृतियाँ बनाना, कागज और मिट्टी से वस्तु निर्माण, रंगोली सज्जा, चित्रकला और बाल अधिकारों से संबंधित जानकारी प्रमुख रहीं। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को बाल संरक्षण कानून के बारे में भी जागरूक किया गया, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें। समापन - दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार की गई रचनात्मक कृतियों का अवलोकन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने सराहा। एरमा स्कूल के प्रधान पाठक केशरी प्रसाद डोंगरे जी, रुकमनी परते, मुन्सिलाल राय, शरद पाल,उषा लता बोरकर,संतोष शेंडे शिक्षिका रीना पटले जी ने विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया। रमली स्कूल से आगन वाड़ी कार्यकर्ता लता गजाम, शिक्षक हंश राज कुमरे जी,मनोज दुबे जी,यमुना सरनागत एवं ग्राम वासी मोजूद रहे।

# डोभ खरसारू रोड निर्माण में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा

# गुणवत्ताहीन बनी रोड- बारिश शुरू होते ही भ्रष्टाचार की कहानी बयां करती रोड!






**केवलारी- क्षेत्र की अतिआवश्यक मांग थी कि डोब से खरसारु तक मार्ग पुरी तरह से जमीदोज होने के कारण आवागमन बाधित रहता है, क्षेत्र की मांग पर लोक निर्माण विभाग संभाग सिवनी सब डिवीजन केवलारी ने डोभ से लेकर खरसारू तक 8 किलोमीटर रोड का निर्माण का डीपीआर तैयार कर शासन से 9 करोड़ 70 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर टेंडर काल किया, मेसर्स नीरज चौकसे कॉन्ट्रैक्टर जबलपुर ने ठेका लेकर 10 अप्रैल 2023 से रोड निर्माण का काम चालु किया हुआ है।**

2-1/4 बर्ष का समय हो गया अभी भी रोड मे काम चल रहा है ,लेकिन 8 किलोमीटर बनी रोड दिनांक 16 जून की पहली ही बर्षा मे भ्रष्टाचार की कहानी बताने लगी।डोभ मे ग्राम के अंदर बनायी गयी सिमेंट कांक्रीट रोड की ऊपरी सतह उखड़ने लगी ऐसे ही बनायी नाली मे डिजाइन ड्राइंग को नजर अंदाज कर सर्पाकार बनायी गयी है। लोकनिर्माण विभाग केवलारी- के सब इंजीनियर एसडीओ एवं ठेकेदार की मिली भगत से रोड निर्माण मे ना तो लूज मटेरियल निकाला गया ना ही पीडब्ल्यूडी के अनुबंधित सीएसआर के मुताबिक कंसालिडेसन हुआ,तकनीकी स्वीकृति मटेरियल को ना लगाते हुये लेबलिंग कर टायरिंग कर दिया गया ।रोड मे बनी पुलियो मे कांक्रीट के निचले स्तर पर बोल्डर पत्थर भरकर आरसीसी वर्क को कागजो मे काला कर करोड़ों रुपया आहरित कर लिया गया ।प
लियो के निर्माण में हुयी अनियमित्ताओं के समाचार भी पूर्व मे प्रकाशित हुये थे,क्वालिटी कंट्रोल के क्यूब जांच मे भी मटेरियल के रेशो मे भिन्नता पायी गयी थी।लेकिन मामला ले देकर दबा दिया गया। मलारा डोभ के बीच मे बनी पुलिया की एप्रोच रोड पहली ही बारिश मे फट गयी जगह जगह रोड मे तिड्कन दिखाई देने लगी ।अनुबंध के मुताबिक साइड मे बेंच मिक्सर प्लांट लगाकर सिमेंट रेत बजरी ओर पानी का रेशो उच्च गुणवत्ता को पाकर मजबूती देता है इसमें मे भी ठेकेदार के द्वारा बेंच मिक्स प्लांट नहीं लगाकर लोकल पद्धति से कार्य किया गया है ।डोभ खरसारू रोड निर्माण मे हुये गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग की गयी है।

# लखनादौन रानी दुर्गावती शौर्य अलंकरण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज लखनादौन।

मंगल भवन लखनादौन पर रानी दुर्गावती शौर्य अलंकरण कार्यक्रम मनाया गया इस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि इंटरनेशनल सुश्री विधा जोशी पटेल उपस्थित रही मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से विकास खंड समन्वयक रीता वर्मा एवं एवं ग्राम उत्थान समिति सोहागपुर नवांकुर संस्था के अध्यक्ष चतुरानंद बाजपेयी एवं सचिव अनवर अली एवं अन्य अतिथि इस कार्यक्रम पर उपस्थित रहे इसी अवसर पर समिति का भी सम्मान किया गया जिसमें विभिन्न छोटी बच्चियों ने रक्षा के लिए कला का प्रदर्शन किया।

## नगर वन बनेगा शहर के लिए ऑक्सीजन का केंद्र, कल कल बहते पानी को देख पाएंगे नगरवासी

# ग्रीन इंडिया मिशन अंतर्गत नगर वन की स्थापना का किया गया शुभारंभ







### 101 पौधे का किया गया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन विभाग द्वारा शुक्रवार को ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत बॉटनिकल गार्डन वनस्पति उद्यान गर्रा में नगर वन की स्थापना का शुभारंभ एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि कोरोना काल में हमने पौधों की महता को समझा। ऑक्सीजन की असली महत्ता क्या है। उन्होंने कहा बालाघाट का यह बॉटनिकल गार्डन आज नगर वन के रूप में स्थापित स्थापना किया जा रहा है। जिससे बालाघाट वासी कल कल बहते ,पानी को देख पाएंगे। मां वैनगंगा के दोनों छोर पर वन का जो स्वरूप है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना, ग्रीन इंडिया मिशन और एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से पूरी हो रही है। उन्होंने युवा पीढ़ी से विशेष रूप से कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पौधे लगाकर उसका संरक्षण भी करना अनिवार्य है। हमें पर्यावरण के लिए बच्चों को भी प्रेरित करना होगा, कि वह अपने जन्म दिवस या कोई भी अवसरों पर एक पेड़ अवश्य लगाए और इस पर्यावरण संरक्षण के अभियान में अपना योगदान दे। यह हरियाली के लिए एक बहुत अच्छा कदम है। इस वनस्पति उद्यान में औषधि वनस्पति उपलब्ध है और यहां अलग-अलग पर्यावरण संबंधी गतिविधियों के साथ शहर जुड़ेगा। इसके लिए उन्होंने वन विभाग को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया कि यह मनोरंजन दृष्टिकोण और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बेहतर कदम है। इसमें वर्ल्ड वाचिंग, नेचर ट्रेल और चिल्ड्रन पार्क, योगा स्पेस और सेल्फी प्वाइंट के साथ लोग जुड़ेंगे। जीवन और पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी की एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शहर के लिए ऑक्सीजन का केंद्र बनेगा नगर वन

कार्यक्रम में विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार ने इस आयोजन के लिए खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नगर वन की स्थापना पर्यावरण की दिशा में एक बेहतर कारगर कदम है। हम खुशनसीब है कि हमारा जिला जो वन संपदाओं से घिरा हुआ है पर्यावरण । हमारे जिले में ऐसे बहुत सारे प्राकृतिक स्पॉट है जिसके भी संरक्षण के लिए ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता है पर्यटन की काफी संभावना है और वैनगंगा जी के किनारे यह बालाघाट शहर के लिए एक ऑक्सीजन का केंद्र बनेगा। जिपं अध्यक्ष श्री सरस्वार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नगर वन की स्थापना पर्यावरण की दिशा में एक बेहतर कारगर कदम है। हम खुशनसीब है कि हमारा जिला जो वन संपदाओं से घिरा हुआ है पर्यावरण। हमारे जिले में ऐसे बहुत सारे प्राकृतिक स्पॉट है जिसके भी संरक्षण के लिए ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता है पर्यटन की काफी संभावना है और वैनगंगा जी के किनारे यह बालाघाट शहर के लिए एक ऑक्सीजन का केंद्र बनेगा।

### प्रकृति से जुड़ने का अभिनव पहल वृक्षारोपण

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बालाघाट शहर के लिए यह नगर वन के अभिनव पहल होगी और हर हर आयोजन का कोई ना कोई उद्देश्य होता है। हर ऐसे आयोजनों से सरकार लोगों को जोड़ने का कार्य करती है। हर मौसम में जो आयोजन होते हैं वह कहीं ना कहीं प्रकृति जनमानस लाभ पहुंचाने के लिए और प्रकृति से जोड़ने के लिए अभिनव पहल होती है और शासन भी इस दिशा में अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक जानकारी पहुंचती हैं लोग भी ऐसे अभियान में शामिल जोड़कर और कहीं ऐसे यादगार पलों में उन्होंने कहा उन्होंने कहा कि कोई भी यादगार पलों में हम उपहार के तौर पर निर्जीव चीज ना देते हुए प्रकृति का उपहार देकर पर्यावरण से जुड़े रहने का हम माध्यम बने। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक श्री सुरजीत सिंह ठाकुर जी ने भी उपस्थित जनों को योग किया और योग दिवस में भाग लेने की अपील की।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में श्री रामेश्वर बिसेन अध्यक्ष जिला लघु वन उपज संघ दक्षिण सामान्य बालाघाट, अध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी श्री अर्जुन देशमुख, ग्राम वन समिति ग्राम अध्यक्ष श्री मंसूर खान, सीसीएफ श्री गौरव चौधरी, भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्री अधर गुप्ता,श्री अभिनव पल्लव, श्रीमती नेहा श्रीवास्तव, एसडीएम श्री आर . आर. पांडे, सीएमओ नगर पालिका श्री कतरनिया,सहित राज्य वन सेवा एवं वन विभाग के अधिकारी, सहित स्कूली छात्र ,छात्राएं,उपस्थित थे।

## जिले में राजनीतिक एवं सामाजिक महत्व में कुनबी समाज महत्वपूर्ण

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार में युवा समाजसेवी जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे की प्रबल संभावना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली और भोपाल से नियुक्त ऑब्जर्वर्स की तीन सदस्यीय टीम जिले में आकर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तलासे इसके साथ ही जिले में कांग्रेस की मजबूती और कमजोरी के कारणों की वजह भी तलासे रहीकांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित प्रदेश भर में दौरा कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी क्रम में बालाघाट जिले में श्री सूरज हेगड़े जी का आगमन हुआ। 3 जून मंगलवार को राहुल गांधी भोपाल आए थे। उन्होंने मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की थी बालाघाट जिले में कुनबी समाज का विशेष प्रभाव पूर्व में रहा है ,जिससे समाज के नेतृत्व का लाभ कांग्रेस को देखने भी मिला है । लांजी क्षेत्र से संगठन और प्रतिनिधित्व में पूरे बालाघाट जिले में कुनबी समाज के गौरव और नेतृत्व के रूप में स्वर्गीय श्री यशवंत राव खोंगल जी पूर्व विधायक लांजी ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाघाट आपने हमेशा एक स्थान सुनिश्चित कर कांग्रेसी विचारधारा से लोगों को जोड़ कर रखा और समय-समय पर संगठन के विभिन्न पदों पर शोभित होकर जिले में समाज की ताकत दमदारी को हमेशा साबित किया है कुनबी समाज किसी भी मायने में राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्र में काम नहीं आका जा सकता। कुनबी समाज का हमेशा प्रभाव विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में देखा जा सकता है सभी विधानसभा में खासकर लालबर्रा, कटंगी , वारासिवनी , खैरलांजी किरनापुर लांजी में इसका प्रभाव सर्वाधिक है और अनेकों बार जिले में प्रतिनिधित्व करने का मौका और आज भी समाज को वर्तमान में भी समाज का नेतृत्व विभिन्न पदों पर रहकर किया जा रहा है। यदि कोई सशक्त व्यक्ति और विचारधारा से जुड़ा हुआ सीनियर, युवा, दावेदारी करता है, राहुल जी की सोच है कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष युवा हो, तकनीक फ्रेंडली हो, सोशल मीडिया पर सक्रिय हो। ये सारी खूबियों वाले कार्यकर्ताओं को आप पैनल में शामिल करें।लांजी विधानसभा क्षेत्र से जिला अध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार में युवा समाजसेवी जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे की प्रबल संभावना प्रतीत होती है।अपने राजनीतिक सफर छात्र संघ चुनाव NSUI से प्रारंभ कर इन्होंने छात्र संघ चुनाव में अनेक अध्यक्ष निर्वाचित करवाए ।, तत्पश्चात नगर मुख्यालय लांजी से जनपद सदस्य के रूप में सेवा प्रदान की उस वक्त तत्कालीन देवेंद्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी के कार्यकाल में अपने संचार संकर्म समिति के सभापति जनपद पंचायत लांजी के रूप में कार्य कर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई ,समय समय संगठन की जिम्मेदारी प्राप्त कर युवा कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला तत्पश्चात मध्य प्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे का कार्यकाल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी का पदभार ग्रहण कर संपूर्ण क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिला, वहीं आपके नेतृत्व में लांजी विधानसभा का दूसरा विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त की साथ ही साथ सहकारिता के क्षेत्र में मार्केटिंग सोसायटी के सदस्य के रूप में किसानों के बीच कार्य करने का अवसर मिला , कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के सदस्य कांता राउत जी के मंडी चुनाव में उनके प्रभारी बनकर मंडी चुनाव में सफलता प्राप्त की, आपका निर्वाचित मार्गदर्शन अथक प्रयास परिश्रम सदैव कांग्रेस संगठन के अनुरूप रहा जो जिम्मेदारी संगठन के द्वारा प्रदान किए गए उसे बखूबी निभाकर आज कांग्रेस संगठन के सहयोगी बनकर पूरे जिले में कार्य कर रहे हैं वहीं सामाजिक क्षेत्र में प्रगतिशील कुनबी समाज के जिला पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला कुनबी समाज संगठन लांजी के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का अवसर मिला और आज तक सामाजिक क्षेत्र में समाज के लिए सेवा कर रहे हैं खेल के क्षेत्र में आप राज्य स्तर पर खेल प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में टेनिस वालीबाल संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में युवाओं को प्रतिभा को उभरने का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है।

## बालाघाट-सिवनी मार्ग पर मरम्मत कार्य ठप्प.. एक ही बारिश में दिखी गड्डो की भरमार



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बारिश शुरू हो चुकी है और बालाघाट सिवनी मार्ग पर जगह-जगह अनेकों गड्ढे दिखाई दे रहे हैं जो खतरनाक है मार्ग पर मरम्मत कार्य ठप्प पड़ा हुआ है मार्ग पर दिख रहे छोटे बड़े गड्ढे वाहनों की आवाजाही एवं आमराहागिरो के लिए बाधा पैदा कर रहे है,परेशानी हो रही है छोटे वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इसे आम राहगीरों का दुर्भाग्य कह सकते हैं जिम्मेदार मार्ग की मरम्मत नहीं कर रहे है ऐसा ना हो कि भरी बारिश में मार्ग खस्ता हाल हो जाए और दुर्घटनाओं की खबर सुनने में मिले.? जिम्मेदार विभाग को चाहिए कि कंजई घाटी से लेकर बालाघाट तक मार्ग की गुणवत्ता पूर्वक मरम्मत कराये अच्छी मरम्मत होने से वाहनों की आवाजाही एवं विद्यार्थी मजदूर और किसानों का सरल और सुलभ आवागमन हो सकेगा..?

## खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ समापन, नेत्र रोगी हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 18 जून बुधवार को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 15 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 5 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए रवाना किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया ।

## करंट की चपेट में आने से पालतू मवेशी भैंस की मौत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम खोलापुर में सूखे पेड़ के टूटने से इसकी शाखा की में चपेट में आकर बिजली का तार टूटकर गिरने से खेत में चर रही पालतू मवेशी भैंस की मौत हो गई. घटना शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे के आस-पास की है. मिली जानकारी संपत लाल खरे में खेत में यह घटना हुआ है और इन्हीं की पालतू मवेशी भैंस बिजली के करंट के तार की चपेट में आ गई. पीड़ति पशु मालिक ने सरपंच अरविंद खरे को घटना के बारे में जानकारी दी. सरपंच मौके पर पहुंचे जिन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दी. तार गिरने से खोलापुर की बिजली सप्लाई बंद कर मवेशी को हटाया गया. सरपंच ने बताया कि दो दिन पहले संपत लाल के खेत के बगल में सूखे पेड़ को खेत पड़ोसी ने आग लगा दी थी. एक दिन पहले यानी गुरूवार को पेड़ की शाखाओं की चपेट में आकर तार नीचे झूल गए किंतु जिसने पेड़ को आग लगाई थी. उसने बिजली विभाग को तार के नीचे झूलने की जानकारी नहीं दी. शुक्रवार को इसी झूलते तार की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई. भैंस की अनुमानित कीमत करीब 90 हजार रुपए आंकी गई है. गनीमत की बात यह रही कि इस तार की चपेट में केवल पालतू मवेशी ही आया अगर कोई व्यक्ति आता तो जनहानि हो सकती थी।

### मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष का चुनाव 22 को

**बालाघाट।** आगामी 22 जून को मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष का चुनाव, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कराया जाएगा। जिसके लिए प्रदेश से चुनाव अधिकारी, संघ प्रदेश मंत्री रजनीश वर्मा और सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज मिनोटे आ रहे है। 22 जून को जिलास्तरीय बैठक में अध्यक्ष और कार्यकारिणी के निर्वाचन को लेकर गत दिवस मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की बैठक सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई थी। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष और वर्तमान संगठन मंत्री श्री के.जी. बिसेन तथा जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन की प्रमुख उपस्थित में आयोजित बैठक में ऑफलाईन एवं ऑनलाईन वार्षिक सदस्यता, सभी तहसील, विकासखंड और प्रकोष्ठ स्तर से समिति की सूची तैयारी सहित अन्य तैयारियों को लेकर चर्चा की गई।

### आज मनाया जाएगा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**बालाघाट।** प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस का आयोजन आज जिले के सांदीपनि विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बतौर मुख्य अतिथि बालाघाट-सिवनी विधानसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती भारती पारधी की मौजूदगी में किया जाएगा। जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, विधायक बालाघाट श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर भी उपस्थित रहेंगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जनसामान्य को व्यापक सुरक्षित एवं जनकल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की पदस्थापना की गई थी। उप स्वास्थ्य केन्द्र घने जंगलों से घिरे एवं मुख्य मार्ग से दुरस्थ क्षेत्र में अत्यंत पिछड़े ग्रामीण अंचल में स्थापित होने के कारण यहाँ उपचार के लिये जनसामान्य को चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यक्ता होती है। ऐसे में नियुक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लापरवाही अक्षम्य की श्रेणी में आती है। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप द्वारा 7 जून 25 को उप स्वास्थ्य केंद्रों के आकस्मिक निरीक्षण में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की पदस्थापना मुख्यालय में अनुपस्थित पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। जिसमे आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोहनपुर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बिजली नाग, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनेवानी की प्रीतिकला सुलाखे, उप स्वास्थ्य केंद्र सोनेवानी की महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थकर्ता सीमा चौहान तथा मोहनपुर की ताजबी खान को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही 7 जून का चारों ही कार्यकर्ताओं का वेतन अवैतनिक घोषित किया गया है।

# कलेक्टर श्री मीना ने वन पट्टों के सम्बंध में सरपंचों से किया संवाद

**बालाघाट।** मप्र शासन की आत्मसमर्पण नीति और विकास नीति को लेकर शुक्रवार को नक्सल प्रभावित गांव राशिमेटा में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नवागत पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने ग्रामीणों से कहा कि समय बदल रहा है, बदलते समय में आपके क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए है। अब आप लोग घर से अपने रिश्तेदारों से मोबाइल पर बात कर पा रहे है। गांव तक सड़क पहुँची है। शासन और प्रशासन आपकी सुरक्षा के साथ ही विकास करना चाहता है। जो भटक गए है उनके भहकावे न आएं। तुम्हारा गांव तुम्हारी जमीन है जो करना चाहते है वो करें। किसी के बहकावे न आये। आपके ही गांव के संपत और संगीता ने जो रास्ता अपनाया है, वो रास्ता ठीक नही है। अगर वो वास्तविक विकास चाहते है तो सरपंच का चुनाव लड़े और विकास का रास्ता अपनाए। मप्र की आत्मसमर्पण नीति-2023 में कई तरह के प्रावधान किए गए है। जो आत्मसमर्पण करेंगे उनको कई व्यवस्थाएं और सुविधाएं दी जाएगी। वास्तविक अर्थों में नक्सली आपका भला चाहते है तो विकास से जुड़े। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सरपंचों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि वन पट्टे के निराकरण पूरे नियमानुसार किया जाएगा। पात्र होगा उन्हें पट्टे दिए जाएंगे। साथ ही सचिव,वन विभाग और जनपद पंचायत को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि जो भी वन पट्टो के आवेदन प्राप्त हुए है। वन मित्र पोर्टल पर दर्ज कराए, साथ ही जिनके आवेदन में कोई दस्तावेज नही है तो पूर्ण भी कराने की जिम्मेदारी उनकी ही होगी।

सरपंच ने कोदो-कुटकी के प्राप्त नही होने की बात रखी। कलेक्टर श्री मीना ने बीज वितरण के सम्बंध में कृषि विभाग एसएडीओ से वितरण के जानकारी ली। वहीं कृषि उपसंचालक से सीधे बात कर कल ही वितरण कराने के निर्देश दिए है। इसके अलावा सोनगुड्डा क्षेत्र ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। शिविर में प्राप्त आवेदनों के सम्बंध में विभागों को निराकरण की टाइमलाइन भी तय की। शिविर के दौरान आईजी श्री संजय कुमार, एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल सहित विभागों अधिकारी मौजूद रहे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com